कोटद्वार, शुक्रवार
23 अगस्त 2024
वर्ष: 46
अंक: 117 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गैंगरेप के आरोपी ड्राइवर–कंडक्टर बर्खास्त

देहरादून। रोडवेज प्रबंधन ने बस में किशोरी के साथ गैंगरेप के आरोपी विशेष श्रेणी के ड्राइवर–कंडक्टर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। इस घटना के पांच आरोपियों में एक नियमित कंडक्टर को पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है। जबकि अनुबंधित बसों के दो ड्राइवरों की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। बीते सप्ताह आईएसबीटी परिसर में उत्तराखंड रोडवेज की बस में किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने पांच ड्राइवर और कंडक्टर गिरफ्तार किए गए हैं। रोडवेज की मंडलीय प्रबंधक (संचालन) पूजा केहरा ने बताया कि गुरुवार को विशेष श्रेणी के कंडक्टर देवेंद्रपाल और ड्राइवर राजपाल सिंह को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। जबकि नियमित कंडक्टर राजेश सोनकर को घटना सामने आने के तत्काल बाद सस्पेंड कर दिया गया था। इसके अलावा अनुबंधित बस के ड्राइवर रवि कुमार और धर्मेंद्र कुमार की सेवा भी पहले ही समाप्त कर दी गई थी।

### दून अस्पताल में खुलेगा गेट नंबर छह

देहरादून। दून अस्पताल में गेट नंबर छह को खोला जाएगा। प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने यहां का निरीक्षण कर बेकार पड़े सामान को हटाने एवं इमरजेंसी की स्थिति में निकासी को इसे खोलने को निर्देशित किया। यह गेट पिछले काफी दिनों से बंद पड़ा है। इसके सामने लोग गाड़ी खड़ी करके भी चले जाते हैं। इस दौरान एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल, डीएमएस डॉ. धनंजय डोभाल आदि रहे।कोरोनेशन अस्पताल में बनेगी पुलिस चौकी: कोरोनेशन अस्पताल में जल्द पुलिस चौकी बनेगी। अस्पताल एवं पुलिस में इसको लेकर वार्ता हो गई है। पीआरओ प्रमोद पंवार ने बताया कि एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर बुधवार से दो महिला एवं दो पुरुष सिपाही अस्पताल में ड्यूटी को आ गए हैं। उन्हें कमरे भी उपलब्ध करा दिए हैं, 24 घंटे वह रोटेशन में ड्यूटी देंगे। उधर, दून अस्पताल में गुरुवार को भी

### राहुल गांधी का जम्मू और कश्मीर दौरा : बोले – यहां के लोगों के दिल का दर्द मिटाना ही मेरा लक्ष्य


श्रीनगर ,कांग्रेस नेता राहुल गांधी जम्मू–कश्मीर के दौरे पर हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाजैसे ही हमें पता चला कि चुनाव होने वाले हैं तो मल्लिकार्जुन खरगे और हम मिले और हमने तय किया कि हमें सबसे पहले जम्मू–कश्मीर आना चाहिए। हम जम्मू और कश्मीर के लोगों और हिंदुस्तान के हर राज्य के लोगों को ये संदेश देना चाहते हैं कि हमारे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व व राज्य का दर्जा सबसे जरूरी चीज है। हिंदुस्तान के इतिहास में आजादी के बाद कई बार केंद्रीय शासित प्रदेश को राज्य में बदला गया है लेकिन एक ही उदाहरण है जब राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है... हम यह संदेश देना चाहते हैं कि जम्मू और कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व हमारे लिए और देश के लोगों के लिए जरूरी है इसलिए हम यहां पहले आए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा मैं लोकतंत्र की रक्षा पूरे देश में करता हूं लेकिन मेरे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों के दिल के दर्द को मिटाना ही लक्ष्य है... जो आपको सहना पड़ता है, जिस डर में आप जीते हो, जो दुख आपको होता है उसे मैं, मल्लिकार्जुन खरगे, पूरी कांग्रेस पार्टी हमेशा के लिए मिटाना चाहते हैं।

### एटीएस ने 14 जगहों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

रांची ,झारखंड पुलिस के एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने हजारीबाग, लोहरदगा सहित कई अन्य जिलों में एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एटीएस आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट (एक्यूआईएस) से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक एके–47 सहित कुछ अन्य हथियारों की बरामदगी की भी सूचना है। झारखंड एटीएस ने आधिकारिक तौर पर इन गिरफ्तारियों के बारे में खुलासा नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकियों के पास से कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों और उपकरणों की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये लोग अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट का विस्तार कर इससे युवाओं को जोड़ने, उन्हें कट्टरपंथी बनाने, भारत में शरिया कानून स्थापित करने और बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसे विषयों पर काम कर रह थे। एक्यूआईएस अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, बर्मा और बांग्लादेश में सक्रिय है।

# काम पर लौटें डॉक्टर, हमने एक्सपर्ट कमेटी गठित की है

## कोलकाता केस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीमकोर्ट की टिप्पणी



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताल पर गए डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह किया है। कोर्ट ने कहा डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट ने कहा हमें एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। सीजेआई ने कहा कि अगर डॉक्टर ड्यूटी पर हैं तो उन्हें अनुपस्थित नहीं माना जाएगा लेकिन अगर वो ड्यूटी पर नहीं हैं तो कानून का पालन किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगा। उसके बाद कोई परेशानी होती है तो कोर्ट आ सकता है। कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर अपने काम पर वापस लौटे। अगर काम पर वापस नहीं लौटते है तो सार्वजनिक प्रशासनिक ढांचा कैसे चलेगा। हस्र में डॉक्टर शामिल होंगे क्योंकि रेसिडेंट डॉक्टर को आश्वस्त करें कि उनकी बात नेशनल टास्क फोर्स द्वारा सुनी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या से संबंधित मामलों की सुनवाई फिर से शुरू की। सीबीआई ने मामले की जांच पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। मामले की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की खिंचाई की और बंगाल पुलिस के साथ–साथ मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष की भूमिका की आलोचना की। पीठ ने घोष की भूमिका पर भी सवाल उठाया और कहा कि ऐसा लगता है कि हत्या को आत्महत्या के रूप में पेश करने का प्रयास किया गया था। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले की स्वतः संज्ञान लेते हुए बीते मंगलवार को 10 सदस्यीय एक नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) का गठन किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि यह टास्क फोर्स चिकित्सा से संबंधित पेशेवरों की सुरक्षा,भलाई और अन्य संबंधित मामलों पर गौर करेगी।

### मसूरी में पिक्चर पैलेस मार्ग रहा बंद

देहरादून। मसूरी में बुधवार देर रात तड़के हुई भारी बारिश से पिक्चर पैलेस मार्ग पर निजी संपत्ति का पुश्ता गिर गया। इससे मार्ग पर आवाजाही बंद रही। वहीं, कुलड़ी में बिजली ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से बिजली की आपूर्ति बाधित रही। नगर पालिका का आधुनिक हवाघर भी पुश्ता ढहने से दब गया। मैसानिक लॉज बस स्टैण्ड के समीप एक प्राइवेट संपत्ति का पुश्ता ढहने से बड़ा हादसा होते होते बच गया। जहां पुश्ते के पत्थर व मलवा गिरा वहां पर नगर पालिका ने यात्री विश्रामगृह बनाया था, जिसमें दिन के वक्त बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग बस के इंतजार के लिए रुकते हैं। घटना रात में होने की वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पुश्ता ढहने से मुख्य ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। क्षतिग्रस्त पुश्ते की चपेट में आने से पास ही सावित्री होम स्टे बाल बाल बच गया। होम स्टे के ऊपर एक पेड़ गिरने की स्थिति में है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल ने बताया कि पेड़ से संभावित नुकसान की सूचना के बाद डीएफओ ने मौके पर टीम भेजकर इसे हटाना शुरू कर दिया है।

# कोटद्वार आरटीओ कार्यालय में रिश्वत लेते हुए वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

- सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने कोटद्वार पहुंचकर की कार्रवाई
- चालानी रसीद काटने के एवज में मांग रहा था तीन हजार




**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक महेंद्र सिंह को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उक्त कर्मचारी चार हजार का चालान छुड़वाने के एवज में तीन हजार की रिश्वत मांग रहा था। टीम कर्मचारी के घर व अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी करने की तैयारी कर रही है।

शिकायतकर्ता ने सतकर्ता अधिष्ठान को बताया था कि ट्रक का चालान छुड़वाने के लिए वह लगातार सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। लेकिन, हर बार उन्हें अगली तारीख पर आने की बात कही जा रही थी। बताया कि कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक महेंद्र सिंह ने चालान छुड़वाने के एवज में उनसे तीन हजार रुपये अतिरिक्त लेने की बात कही। शिकायत के बाद कोटद्वार पहुंची विजलेंस की टीम ने संभागीय परिवहन कार्यालय में पहुंचकर वरिष्ठ सहायक महेंद्र सिंह को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों के आवागमन को पूरी तरह बंद किया गया था। टीम ने वरिष्ठ सहायक की टेबल व उसके दरारों में रखे दस्तावेजों की भी जांच की। निदेशक सतर्कता डा. वी मुरुगेसन ने बताया कि पकड़े गए कर्मचारी के आवास की तलाशी के साथ ही उसकी चल-अचल संपत्ति के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आमजन से भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे आने की अपील की। कहा कि यदि कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी किसी भी आम व्यक्ति से रिश्वत की मांग करता है तो उसकी सूचना विजलेंस के टोल-फ्री नंबर पर दें। शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# भराड़ीसैंण में माँ भराड़ी देवी का भव्य मंदिर और पत्रकारों के लिए बनेगा रेस्ट हाउस : धामी

### गैरसैंण योग, ध्यान, अध्यात्म के केंद्र के रूप में होगा विकसित



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को गैरसैंण (भराड़ीसैंण) स्थित मुख्यमंत्री आवास में जनपद चमोली के विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की मांग पर गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में पत्रकारों के लिये रेस्टहाउस बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने महानिदेशक सूचना को निर्देशित किया कि इस संबंध में तत्काल कार्य योजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने सचिव संस्कृति एवं धर्मस्व हरिचन्द्र सेमवाल को निर्देश दिए कि गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में माँ भराड़ी देवी का भव्य मंदिर बनाया जाए एवं इसके लिए स्थानीय जनता एवं हितधारक तीर्थ पुरोहितों के सुझाव लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि गैरसैंण का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए गैरसैंण (भराड़ीसैंण) भवन में सालभर विभिन्न प्रशिक्षण, वर्कशॉप, सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कहा कि गैरसैंण में सालभर चलने वाले कार्यक्रमों हेतु सचिव स्तर के अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष भर संचालित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कहा कि गैरसैंण को योग, ध्यान, अध्यात्म के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भराड़ीसैंण में पुलिस आवास का निर्माण कार्य गतिमान है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, चमोली जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष देवेन्द्र रावत, वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट, रजपाल बिष्ट, दिनेश थपलियाल, जगदीश पोखरियाल उपस्थित रहे।

### दून के अंकित ने कांग्यात्से चोटियों पर फहराया तिरंगा

देहरादून। देहरादून के क्लेमेनटाउन निवासी अंकित भारती ने हिमाचल की कांग्यात्से–01 और कांग्यात्से–02 चोटियों पर तिरंगा फहराया है। लेह से छह दिन में दोनों चोटियों को फतह करने वाले अंकित पहले भारतीय बन गए हैं। वो अफ्रीका की माउंट किलिमंजारों चोटी भी चढ़ चुके हैं। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि अंकित एसोसिएशन में टेक्निकल कमेटी के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं।

अंकित ने 18 अगस्त को हिमाचल प्रदेश की दोनों दुर्गम चोटियों की चढ़ाई पूरी की। कांग्यात्से 01 और 02 जटिल शिखर हैं। जो उत्तर पश्चिम भारत के हिमालय लद्दाख क्षेत्र में मारखा घाटी में स्थित हैं। दोनों की ऊंचाई क्रमशः 6250 मीटर और 6400 मीटर है। उन्होंने अभियान की शुरुआत 14 अगस्त को लेह से समिट कैंप के लिए की। 17 अगस्त की सुबह उन्होंने बेस समिट कैंप से कांग्यात्से 01 के लिए चढ़ाई शुरू की।

# देवप्रयाग के पंतगांव में भारी बारिश से मकान ढहा



नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग स्थित पंतगांव में गुरुवार तड़के भारी बारिश से तीन मंजिला घर का आधा हिस्सा भर भराकर ढह गया। घटना के समय तेज आवाज होने के बाद पर घर के अंदर सोई महिला ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। वहीं आधे हिस्से में स्थित बरामदे में सोया उसका पति और बेटा इसकी चपेट में आने से बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंतगांव निवासी स्व. रामानंद पांडे के पुराने मकान का आधा हिस्सा गुरुवार तड़के भारी बारिश से भरभरा कर गिर गया। घटना के समय उनकी बहू 47 वर्षीय शशि पांडे दूसरी मंजिल में सोई थी। पहली मंजिल गिरने की भारी आवाज से उसकी नींद खुल गई और उन्होंने बाहर के लिए दौड़ लगा दी। थोड़ी देर में दूसरी मंजिल का आधा हिस्सा भी ढह गया। वहीं बरामदे में सोने से उसके पति द्वारिका प्रसाद और बेटा आयुष मलबे की चपेट में आने से बच गए। परिवार का खाने पीने का सामान, कपड़े व जरूरी दस्तावेज मलबे में दब गए। सूचना पर राजस्व निरीक्षक मदन लाल व उप निरीक्षक तोता सिंह मौके पर पहुंचे। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद उन्हें अनुमन्य सहायता दी जाएगी। (एजेंसी)

## देहरादून में साढ़े चार घंटे बरसी आफत

# एक की मौत-छह घायल, आज आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



देहरादून। दून में भारी बारिश कहर बनकर बरस रही है। रात आसमान से आफत बरसी। करीब साढ़े चार घंटे लगातार हुई जोरदार बारिश से शहर से लेकर गांव तक जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। इस दौरान बरसाती नारे में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और घर पर पेड़ गिरने से भीतर सो रहे एक ही परिवार के छह सदस्य घायल हो गए। इसके अलावा कई जगह पुस्ते और दीवारें भी ढह गई। बारिश का पानी और मलबा घरों में घुस गया। कालोनियों में भीषण जलभराव से लोग परेशान रहे।

**दिल्ली—यमुनोत्री हाईवे बंद**

गुरुवार को विकासनगर में दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे पर जुड्डो व हथियारी के बीच पहाड़ दरकने से सड़क पर आए मलबा–बोल्डर के कारण यातायात व्यवस्था बाधित रही। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। एनएच विभाग ने हाईवे से मलबा हटाने के लिए जेसीबी लगाई है। बताया जा रहा है रात से बंद हाईवे पर अभी तक वाहनों का संचालन शुरू नहीं हो पाया। हाईवे बाधित होने से लोग सड़क पर घंटों से मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

**देहरादून में आज भी भारी बारिश की चेतावनी**

उत्तराखंड में मानसून की बारिश कहर बरपा रही है। पहाड़ से मैदान तक बादलों का डेरा है और कहीं–कहीं अतिवृष्टि से जनजीवन बेहाल है। टिहरी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। वहीं, देहरादून भारी बारिश के कारण आपदा जैसे हालात हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज भी प्रदेश में ज्यादातर क्षेत्रों में बादल छाये रह सकते हैं। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर में कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है। मालदेवता क्षेत्र में भी नहरों में अत्यधिक पानी आने से सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हो गए। कई जगह भूस्खलन से मार्गों को भी भारी क्षति पहुंची है। वहीं, शहर की सड़कों को भी बारिश से नुकसान पहुंचा है। आज भी दून में कहीं–कहीं भारी बारिश के एक से दो दौर होने की आशंका है।

बारिश के पानी डूबकर अधेड़ की मौत

देहरादूनः कैंट थाना क्षेत्र में भारी बारिश के दौरान बारिश के पानी में डूबकर एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ शराब के नशे में धुत था और सड़क किनारे नाली में जा गिरा।

### लद्दाख में बड़ा हादसा : 200 फीट गहरी खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 6 लोगों की मौत; 22 घायल

लद्दाख ,लद्दाख में एक गंभीर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। यह हादसा आज दुरबुक पहुंचने से तीन किलोमीटर पहले हुआ, जहां एक बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई।

लेह के जिला अधिकारी संतोष सुखदेव ने इस हादसे की पुष्टि की और कहा, आज एक बड़ा हादसा हुआ है, जो पूरे लद्दाख के लोगों के लिए दुखद है। बस में 27 लोग सवार थे जो लेह से दुरबुक की ओर जा रहे थे। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। कई लोगों को फ्रैक्चर और गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक बस का संतुलन बिगड़ गया जिससे ये हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। खौफनाक घटना में 6 लोगों के मारे जाने की खबर है जबकि 22 लोग घायल हैं। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और राहत–बचाव का काम शुरू किया गया।

# गैरसैंण के सारकोट गांव में शहीद के घर पहुंचे मुख्यमंत्री



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गैरसैंण स्थित सारकोट में लेह-लद्दाख में ड्यूटी के दौरान शहीद हवलदार बसुदेव सिंह के पैतृक आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हवलदार बसुदेव सिंह ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसके लिये पूरा देश उनका ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने शहीद हवलदार के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# उत्तराखंड को मिलेगा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की दरों में वृद्धि का लाभ : महाराज

- आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत और जन सामान्य की परेशानियों को दूर करने में मिलेगी मदद



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (एसडीआरएफ) एंव नेशनल डिजास्टर रिस्पॉस निधि (एनडीआरएफ) की दरों में की गई अभूतपूर्व वृद्धि से उत्तराखण्ड जैसे आपदा से प्रभावित राज्य को अत्यधिक लाभ होगा, आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत में सुविधा मिलने के साथ-साथ जन सामान्य की परेशानियों को दूर किया जाना संभव हो सकेगा और लोक निर्माण सड़क विभाग को आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की मरम्मत के लिए भी फंड मुहैया हो सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के व्यक्तिगत प्रयासों से ही यह कार्य संभव हो पाया है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पूर्व में एसडीआरएफ की मदों में रिकवरी और पुनर्निर्माण के लिये मानक तय नहीं थे तथा दरें भी काफी कम थी। इस कारण आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत कार्य में व्यवहारिक कठिनाइयों सामना करना पड़ता था। लेकिन उत्तराखण्ड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धनराशि बढ़ाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी की थी। जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा अब रिकवरी और पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में विस्तृत नवीन दिशा निर्देश निर्गत कर विभिन्न कार्यों हेतु लागू मानकों में वृद्धि कर दी गयी है। ऐसा करने से उत्तराखण्ड जैसे आपदा से प्रभावित राज्य को अत्यधिक लाभ होगा तथा आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत में सुविधा होगी और जन सामान्य की परेशानियों को दूर किया जाना संभव हो सकेगा। इसमें दो राय नहीं कि ही रिकवरी और पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में निर्गत उक्त दिशा निर्देश एवं मानकों में संशोधन का लाभ उत्तराखण्ड राज्य को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के आपदा प्रबन्धन प्रभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत रिकवरी और पुनर्निर्माण के लिये लागू मानकों के अनुसार सड़क एवं परिवहन खण्ड में ईकाई प्रति किमी. के लिये प्रमुख जिला सड़कों के लिये मैदानी क्षेत्र में 70 प्रतिशत की सीमा तक 32.00 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक होने पर 64.00 अनुमन्य किया गया है।

इसी प्रकार पहाड़ी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत की सीमा तक 93.75 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक होने पर 187.75 लाख अनुमन्य है। अन्य जिला सड़कों के लिये भी मैदानी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत की सीमा तक 26.75 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक होने पर 54.50 लाख अनुमन्य किया गया है। इसी प्रकार पहाड़ी क्षेत्रों के लिये 70 प्रतिशत की सीमा तक 80.00 लाख तथा पहाड़ी सड़कों लिये 159.88 लाख अनुमन्य किया गया है। इसी प्रकार पूर्व में मैदानी ईलाकों में पक्के घरों के लिये निर्धारित मानक 1.20 लाख प्रति घर के स्थान पर अब 30 से 70 प्रतिशत क्षति होने की दशा में 90 हजार प्रति घर तथा 70 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 1.80 लाख कर दिया गया है तथा पहाड़ी क्षेत्रों में पूर्व में निर्धारित मानक 1.30 लाख प्रति घर के स्थान पर अब 30 से 70 प्रतिशत क्षति होने की दशा में 1.00 लाख प्रति घर तथा 70 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 2.00 लाख प्रति घर कर दिया गया है। प्राथमिक स्कूलों के लिये पूर्व में निर्धारित मानक प्रति विद्यालय 2 लाख की सीमा के अध्यधीन रहते हुए वास्तविक व्यय के अनुसार परिवर्तित करते हुए अब प्राथमिक स्कूलों के लिये 30 से 70 प्रशित की क्षति होने पर 7.50 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 15.00 लाख अनुमन्य किया गया है। इसी प्रकार माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के नाम से पूर्व में मानक निर्धारित नहीं हैं किन्तु अब माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के 30 से 70 प्रतिशत क्षति होने की दशा में 12.50 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति होने पर 25.00 लाख रुपए अनुमन्य किया गया है।

प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूर्व में 2.25 लाख प्रति यूनिट की अधिकतम सीमा के अध्यधीन वास्तविक व्यय के अनुसार अनुमन्य था, जिसको अब वृद्धि कर उपकेन्द्र मैदानी क्षेत्र के लिए 30 से 70 प्रतिशत की क्षति पर 9.20 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 18.40 लाख रुपए अनुमन्य किया गया है। पर्वतीय क्षेत्र के लिए यह राशि 7.91 लाख और 15.81 लाख अनुमन्य की गई है।

## संपादकीय

# प्राकृतिक विपदा का दंश

उत्तराखंड में बारिश का का हर क्षमता हुआ नजर नहीं आ रहा है और हालात अब लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। मानसून समाप्त हो चुका है और भादो के मौसम में भी जिस प्रकार से प्राकृतिक विपदा का पूरे प्रदेश को सामना करना पड़ रहा है उसने राहत तंत्र को भी हैरान कर दिया है। आमतौर पर मानसून के दौरान ही उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में प्राकृति के प्रकोप का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता था लेकिन अभी भी यह क्रम शांत नहीं हुआ है और लगातार उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र भारी बरसात की मार झेल रहे हैं। मैदान से लेकर पहाड़ो तक भारी बरसात के कारण जान माल का भी नुकसान हो रहा है तो वही इतनी बड़ी प्राकृतिक विपदा के बाद प्रदेश में राहत तंत्र को भी नए सिरे से स्थापित करने की जरूरत महसूस होने लगी है। यही कारण है कि इस बार के विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट में एसडीआरएफ के लिए 718.4 करोड़ और एसडीएमएफ के लिए 229.6 करोड़ की व्यवस्था की गई है। मानसून के बाद भी पहाड़ धड़क रहे हैं और एसडीआरएफ व इससे संबंधित राहत तंत्र के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ों की यह विडंबना है कि कई बार प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने के रास्ते भी बंद हो जाते हैं और इन परिस्थितियों में तत्काल सहायता न पहुंचने पर बड़े तौर पर जान माल की बड़ी होने की संभावना बनी रहती है। प्राकृतिक विविधताओं एवम विपदायों को रोक नहीं जा सकता लेकिन इतना अवश्य है कि पूर्वानुमान के आधार पर यदि ऐसे संभावित क्षेत्रों में राहत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर दिया जाए और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया जाए तो निश्चित तौर पर अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। हर मानसून में उत्तराखंड को प्राकृतिक संकट का सामना करना पड़ता है इस बार भी वही सब देखने को मिला है, सुकून की बात यह है कि राज्य सरकार प्राकृतिक विपदा को लेकर बेहद गंभीर नजर आई है और सूबे के मुख्यमंत्री स्वयं आपदा राहत तंत्र की गतिविधियों की मॉनिटरिंग करते रहते है। यह बेहद आवश्यक हो गया है कि अब प्रदेश के राहत तंत्र को प्राथमिकता के तौर पर अत्यधिक मजबूत बनाते हुए उसे हाईटेक भी किया जाए। ब्लॉक स्तर पर राहत टीमों की स्थापना करनी होगी ताकि रास्ते बंद होने की दशा में भी स्थानीय लोगों को उचित संसाधनों के साथ मदद पहुंचाई जा सके। इस बार के मौसम में यह तो साबित कर ही दिया है कि हमारी व्यवस्थाएं अभी भी पूर्ण तौर पर पुख्ता नहीं है और इसके लिए अभी आगे बड़े स्तर पर रोड मैप तैयार करने की जरूरत है।

# सत्तापक्ष हो या विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि

**अवधेश कुमार**

संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया, लेकिन लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण और सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों, मंत्रियों और नेताओं द्वारा दिए गए प्रत्युत्तर ने ऐसे अनेक प्रश्न उठाए हैं, जिनका उत्तर तलाशना ही होगा।

संसद में हमने कभी भी इस तरह के नैरेटिव और परिदृश्य नहीं देखे। राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के रूप में जिस तरह का भाषण दिया वैसा पहले कभी सुना नहीं गया। हालांकि पिछले दो वर्षों की उनकी राजनीति पर गहराई से दृष्टि रखने वालों के लिए यह अपेक्षित है।

17वीं लोक सभा के बाद के काल के लोक सभा में और बाहर उनके भाषणों और वक्तव्यों में एक क्रमबद्धता है। वह भले विवेकशील लोगों को पसंद न आए या पुराने कांग्रेसियों को भी स्वीकार नहीं हो किंतु वह इसी तरह की भाषा बोलते रहे हैं। चूंकि विपक्ष के नेता के रूप में वह बजट पर चर्चा कर रहे थे इसलिए स्वाभाविक ही मुख्य फोकस इसी पर होना चाहिए था। इस समय उनके सलाहकारों, रणनीतिकारों, थिंक टैंक आदि की रणनीति यही है कि हर अवसर पर ऐसा भाषण या वक्तव्य देना है जिनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की छवि जनता में दागदार हो, ऐसे मुद्दे उठे जिनका सीधा-सीधा उत्तर देना कठिन हो और इसके लिए किसी सीमा को स्वीकार करने की जरूरत नहीं। सामान्य तथ्यगत विरोध आक्रमकता के साथ होना कतई चिंता का विषय नहीं होगा। स्थिति इससे बहुत आगे है।

भारत और भारत से जुड़े वैश्विक नैरेटिव समूहों की स्थिति ऐसी है जिसमें हमें ज्यादातर एकपक्षीय स्वर इतने प्रभावी से सुनाई पड़ते हैं कि उनमें आसानी से सच समझना कठिन हो जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का लोक सभा भाषण इस मामले में सबसे ज्यादा निशाने पर है। अखिलेश यादव ने उस पर आपत्ति उठाते हुए कहा कि आप किसी की जाति कैसे पूछ सकते हैं? राहुल गांधी ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने उनको अपमानित किया है लेकिन मैं इन लोगों की तरह नहीं हूं इन्हें क्षमा मांगने के लिए नहीं कहूंगा। ठाकुर भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, उनकी पार्टी सत्ता में है इसलिए कहा जा सकता है कि अति उत्तेजना और उकसावे के बीच भी उन्हें अंतिम सीमा तक संयम का परिचय देना चाहिए।

दूसरे आप पर हमला करें और आप उसी भाषा में बोले तो फिर दोनों के बीच अंतर कठिन हो जाता है। किंतु नैरेटिव की दुनिया में वर्चस्व रखने वाले समूह ने एक पंक्ति नहीं कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में सत्तारूढ़ पार्टी को उकसाने, उत्तेजित करने या चिढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यहां तक कि बार-बार वे लोक सभा अध्यक्ष को भी परोक्ष रूप में कठघरे में खड़ा करते रहे।

अध्यक्ष ओम बिरला के टोकने या आपत्ति करने पर उनका उत्तर होता था कि सर, इसे कैसे बोलें या सॉरी सर सॉरी सर, लेकिन वह उसी बात को सॉरी कहते हुए दोहराते भी रहे। अध्यक्ष के लिए भी उनको संभालना या रोकना असंभव हो गया है। यह पहली बार होगा जब संसद के अंदर विपक्ष के नेता ने सरकार को घेरने के लिए ऐसण् उपमा दी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तक घसीटे गए। चक्रव्यूह के बारे में राहुल गांधी को निश्चित रूप से कुछ गलत तथ्य दिए गए किंतु ऐसा हो जाता है। बावजूद उन्हें अपने पद के दायित्व का भान होना चाहिए था।



सत्तापक्ष हो या विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। आपका सरकार से राजनीतिक वैचारिक मतभेद है और उसे प्रकट करने का अधिकार भी। वैसे उसमें भी सीमा है कि हम विरोध में कहां तक जाते हैं। कभी भी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को इस तरह राजनीतिक दल के हमले के साथ जोड़ा नहीं गया। आप कल्पना करिए इसका संदेश देश के अंदर और बाहर क्या जाएगा। आंतरिक सुरक्षा हमारे देश में कितने नाजुक स्थिति में लंबे समय तक रहा है और बाहरी खतरे कितने बड़े हैं इसका अनुमान उन सब लोगों को है जो थोड़ा बहुत भी सुरक्षा स्थिति पर दृष्टि रखते हैं। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है जिसे कभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी के भाषण को आधार बनाकर देश के अंदर उनके समर्थक तथा सरकार विरोधी सीमा के पार भी भारत के अनेक सुरक्षा या विदेश नीति संबंधी निर्णयों को आसानी से निशाना बनाएंगे। उनका खंडन करना भारत के लिए ज्यादा कठिन होगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट के पूर्व हलवा परंपरा की तस्वीरें डालकर उन्होंने राजनीति के अपनी जाति कार्ड को खेला। पिछले करीब 2 वषी से उनकी राजनीति में स्वयं को पिछड़ों दलितों का समर्थन तथा भाजपा को उसके विरुद्ध साबित करना सर्वोपरि हो गया है। परिणाम यह हुआ कि वित्त मंत्री ने यूपीए सरकार के कार्यकाल में हलवा परंपरा सहित कई तथ्यों का उल्लेख कर साबित कर दिया कि राहुल न केवल तथ्यात्मक रूप से तो गलत हैं बल्कि अपनी ही सरकार की परंपरा की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

इसी तरह सीतारमण के साथ खड़े अधिकारियों के बारे में भी कहा गया कि उनकी नियुक्ति तो राजीव गांधी सरकार के कार्यकाल में हुई थी।

हालांकि राहुल गांधी ने बड़ी बुद्धिमत्ता से तस्वीर में से एक चेहरे हटा दिए जो वाकई पिछड़ी जाति का था। क्या सरकर की आलोचना या उसके विरोध के लिए संसदीय-राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा इस तरह लांघने और उनमें नौकरशाहों और प्रमुख पदों पर बैठे लोगों को निशाना बनाना उचित है? वे प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ देश के दो शीर्ष उद्योगपतियों के हाथों भारत संचालन का सूत्र बताएंगे तो इस पर उत्तेजना पैदा होगी और दूसरी ओर से भी कुछ लोग सीमा उल्लंघन कर आपको उसी तरह प्रति हमले का शिकार बनाएंगे।

उन्होंने इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को भी ले आया। ऐसा वह प्रयास करते हैं। वह इतना कुछ बोलते हैं, कभी संघ प्रतिवाद करने नहीं आता। संघ से सहमत या असहमत होना, इसका विरोध करना सबका अधिकार है पर इस दूसरे पहलू को भी कभी अपने चिंतन में लाना चाहिए। तथ्य और सत्य के आधार पर विरोध हो तो टिकाऊ होगा। हालांकि वर्तमान वातावरण में इसमें बदलाव की संभावना नहीं है। इसलिए देश के विवेकशील लोग, जिनमें राजनेता भी शामिल हैं शांत मन से सोचें, विचारें कि कैसे संतुलित तरीके से इसका प्रत्युत्तर दें तथा अपने व्यवहार से देश का वातावरण सकारात्मक शांत और संतुलित बनाए रखा जाए।

# पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर

**शिवप्रकाश**

पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की संपूर्ण देश 300वीं जन्म-जयंती मना रहा है। अनेक सामाजिक संस्थाएं एवं महिला संगठन उनके जयंती वर्ष में उनके अलग-अलग गुणों को प्रकट करने वाले कार्यक्रम एवं गोष्ठियों का आयोजन कर रहे हैं । अनेक सरकारें भी महारानी अहिल्याबाई के सुशासन, नगरीय विकास, रोजगारपरक उद्योग नीति जैसे विषयों पर संवाद आयोजित कर रही हैं। महारानी का जीवन एवं शासन शैली संवेदनशील, सादगी, सहजता, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थीं। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें "दार्शनिक रानी" की उपाधि दी ।

अहिल्याबाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीलाबाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्मस्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) था, जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया । युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा । अपने जीवन काल में उन्होंने श्वसुर मल्हार राव होल्कर, नवासे ( पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते-सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़कर चली गई।

पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजावत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। अपनी धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की । उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह माँ नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सकें । माँ नर्मदा के किनारे उनका महल एक सर्वस्व त्यागी सन्यासिनी का महल था । जिसमें उन्होंने अपनी आयु के 28 वर्ष व्यतीत किए थे।

देश की सरकारें वर्तमान समय में अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में समाज के जिस पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं लघु उद्योग केंद्रित नीतियों का विचार करती हैं, आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस दूरदृष्टि का परिचय देते हुए 1745 में एक राजज्ञा द्वारा बुनकर, सुतार, कारीगरों से महेश्वर में निवास करने का आग्रह किया । आर्थिक विकास की दिशा में उनके द्वारा की गई अनेक पहल में से एक महेश्वर में निर्मित साड़ी आज भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है , जिसे महेश्वरी साड़ी के नाम से जाना जाता है । इस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वह स्वयं भी वहाँ निर्मित वस्त्र पहनती थी एवं देश-विदेश से आने वाले महानुभावों को भेंट स्वरूप इन्हीं वस्त्रों को प्रदान भी करती थीं । प्राकृतिक आपदा में किसानों का सहयोग, सेना के आवागमन से होने वाली फसलों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था भी उन्होंने की थी । आत्मनिर्भरता के साथ-साथ शिक्षा का केंद्र महेश्वर बने इसके लिए विद्वानों, धर्माचार्यों को बुलाकर संस्कृत पाठशाला प्रारंभ करने का कार्य भी उनके द्वारा हुआ।

मल्हारराव के युद्ध अभियानों पर जाने के उपरांत महारानी अहिल्याबाई राज्य का संचालन भी कुशलता के साथ करती थीं। पत्राचार के माध्यम से मल्हार राव को अपने राज्य के समाचार भेजना एवं प्रत्युत्तर में राज्य संचालन के लिए सुझाव लेना यह उनकी नियमित प्रक्रिया थी । सेवा एवं रसद सामग्री का प्रबंध, कर वसूली आदि की व्यवस्था बड़ी निपुणता के साथ उन्होंने की थी ।

महारानी स्त्री होने के बाद भी न केवल राज्य संचालन में निपुण बल्कि एक कुशल योद्धा भी थीं। बचपन में ही सैन्य शिक्षा, घुड़सवारी, शस्त्र संचालन उन्होंने सीखा था । राघोवा के आक्रमण के समय अपने राज्य की रक्षा के लिए कूटनीति का परिचय देते हुए उन्होंने पुराने संबंधों के आधार पर सिंधिया, भोंसले, गायकवाड आदि का सहयोग माँगा । राघोवा को उचित दंड देने के लिए 500 महिलाओं की सैन्य टुकड़ी को प्रशिक्षित भी किया । राघोवा को उनके द्वारा लिखा पत्र आज भी उनकी कूटनीतिक दूरदर्शिता को प्रकट करता है, जिसमें उन्होंने लिखा कि "आप मुझे अबला समझकर राज्य हड़पने के लिए यहां आए हैं लेकिन मेरी शक्ति आपको युद्ध क्षेत्र में ज्ञात होगी । मैं महिला सेना के साथ आपका मुकाबला करूंगी । यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तब मेरी हंसी और आपकी प्रशंसा कोई नहीं करेगा और यदि आप युद्ध में हार गए तो आप कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे ।" केवल राघोवा ही नहीं अपने राज्य की सीमाओं पर राजस्थान की ओर से मिलने वाली चुनौती का भी उन्होंने साहस के साथ सामना कर शत्रु को कुचलने का कार्य किया । सेना का संचालन, सैनिकों की चिकित्सा आदि भी उन्होंने कुशलता के साथ की । नाना फडनवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि "अब तक देवी अहिल्याबाई की धार्मिकता की प्रशंसा तो हम सुनते आए हैं मगर हम नहीं जानते थे कि वह बहादुर भी हैं अपने शत्रुओं के दांत खट्टे कर सकती हैं।"

महारानी अहिल्याबाई का शासन कठोर एवं न्यायप्रिय शासन था । उन्होंने जाति-पाति, ऊँच – नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर चोरों के भय से जनता को मुक्ति प्रदान करने वाले नौजवान से अपनी पुत्री का विवाह किया । गरीब एवं कमजोर लोगों की सेवा में वह हमेशा तत्पर रहती थी। पति की मृत्यु के पश्चात् पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार की व्यवस्था एवं स्त्री को दत्तक लेने का अधिकार देना यह उनके महिला सशक्तिकरण के उदाहरण हैं । उनके राज्य में रहने वाले भीलों (जनजाति) को अपराध मुक्त करने के लिए कृषि के औजार उपलब्ध कराकर सशक्त करने का कार्य उन्होंने किया। अपराध करने पर कठोर दंड एवं समस्याओं का त्वरित समाधान यह उनके शासन की विशेषता थी । पक्षपात रहित सभी को समान न्याय उनके शासन में था । इसके लिए अपने सेनापति के पुत्र को भी अपराध करने पर उन्होंने जेल में डलवा दिया था। प्रजा को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्होंने की थी। अपने राज्य कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील एवं आत्मीयतापूर्ण व्यवहार, युद्ध में वीरगति पाने वाले सैनिक परिवारों के कल्याण की व्यवस्था को राज्य कोष से करने का प्रबंध उन्होंने किया था। अपने प्रति कठोर जीवन जीते हुए, प्रजा का पुत्र की तरह पालन, लोक कल्याण की योजनाएं एवं न्यायप्रियता के कारण उनको लोकमाता की उपाधि मिली ।

राज्य संचालन में अनेक गुण होने के बाद भी उनका शासन मूलतः धर्म अधिष्ठित शासन था । जहां उनके व्यक्तिगत जीवन में सेवा, त्याग –तपस्या एवं दान का महत्व था वहीं उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार, उनकी स्थायी आर्थिक व्यवस्था, यात्रियों के लिए विश्राम स्थल एवं अन्न क्षेत्र स्थापित कराए। अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर वह उनके प्रतिनिधि के रूप में शासन चलातीं थी। हिमालय में स्थित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ , दक्षिण में रामेश्वरम, पश्चिम में द्वारिका से लेकर पूर्व में जगन्नाथ पुरी तक उनके द्वारा चलाएं सेवा कार्य आज भी प्रसिद्ध है । तीर्थ स्थानों पर गंगाजल भिजवाने की व्यवस्था देश को एक सूत्र में बांधती दिखाई देती है ।

# क्राइम, मिस्ट्री, थ्रिलर से भरा द बकिंघम मर्डर्स का टीजर आउट

करीना कपूर की आगामी क्राइम थ्रिलर द बकिंघम मर्डर्स का आधिकारिक टीजर रिलीज हो गया है. टीजर के साथ ही करीना कपूर के फैंस और दर्शकों में इसकी उत्सुकता नए स्तर पर पहुंच गई है. हंसल मेहता की निर्देशित और करीना कपूर खान, शोभा कपूर और एकता कपूर द्वारा निर्मित यह फिल्म इसी साल सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फेस्टिवल में हुआ था.



मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर द बकिंघम मर्डर्स का आधिकारिक टीजर शेयर किया. इस दौरान मेकर्स ने करीना कपूर के किरदार का खुलासा भी किया. मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, मिलिए डिटेक्टिव सार्जेंट जसमीत भामरा से. देखिए कैसे वो छुपी सच्चाईयों से पर्दा उठाती हैं. द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर एक डिटेक्टिव सार्जेंट का किरदार निभाएंगी, जिसका नाम जसमीत भामरा है.

टीजर की शुरुआत इस दिल दहला देने वाली घटना से होती है, जो उसके किरदार को न्याय की तलाश में ले जाती है. क्राइम, मिस्ट्री और थ्रिलर से भले टीजर में करीना कपूर का किरदार जसमीत भामरा अपने बच्चे को खो देती है. अपने बच्चे का पता लगाने के लिए डिटेक्टिव सार्जेंट ज्वाइन करती हैं. इस दौरान जसमीत भामरा को कई ऐसे सीन्स का सामना करना पड़ता है, जो एक मां के रूप में उन्हें कमजोर कर देती है. टीजर का अंत एक खूनी सीन से होता है.

करीना कपूर ने भी अपनी आने वाली फिल्म का टीजर अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है और कैप्शन में फिल्म का रिलीज डेट 13 सितंबर लिखा है. करीना कपूर के धांसू टीजर पर फैशन डिजाइन रिया कपूर और फैंस का रिएक्शन आया है. रिया ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में फायर वाला इमोजी छोड़ा है. वहीं, फैंस को द बकिंघम मर्डर्स का टीजर काफी पसंद आया है. एक फैन ने लिखा है, मन को झकझोर देने वाला टीजर. फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. एक दूसरे फैन ने लिखा है, नेशनल अवॉर्ड लोडिंग. एक फैन लिखा है, यह ब्लॉकबस्टर होगी.

हंसल मेहता की निर्देशित द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर खान और रणवीर बरार अहम भूमिका में हैं. वहीं, ऐश टंडन, असद राजा, प्रभलीन संधू, संजीव मेहरा, अदवोआ अकोतो, जैन हुसैन जैसे कलाकार को-स्टार्स शामिल है. यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

## अगले साल ससेक्स का हिस्सा नहीं होंगे पुजारा

लंदन, लगातार तीन सालों से काउंटी क्रिकेट में ससेक्स का हिस्सा रहे चेतेश्वर पुजारा अगले साल इस टीम के लिए नहीं खेलते दिखेंगे। क्लब ने 2025 के काउंटी चैंपियनशिप के लिए दो विदेशी खिलाड़ियों के रूप में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ डैनियल ह्यूजेस और कैरेबियाई तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को अपने दल में शामिल किया है।

ह्यूजेस इस साल भी ससेक्स का हिस्सा थे और वह टीम के चैंपियनशिप मैचों के अलावा टी20 ब्लास्ट मैचों में भी खेलते नजर आएंगे। सबसे बड़ी बात वह पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं सील्स को सिर्फ़ चैंपियनशिप मैचों करार दिया गया है। वह काउंटी चैंपियनशिप के पहले दौर के लिए उपलब्ध रहेंगे। ह्यूजेस ने इस साल टी 20 ब्लास्ट में ससेक्स के लिए पांच अर्धशतकों की मदद से सर्वाधिक 560 रन बनाए थे, जिसमें उनकी औसत 43 .07 की थी। वह इस सीजन टीम के आखिरी पांच काउंटी मैचों के लिए भी उपलब्ध रहेंगे, जहां उनकी टीम सेकंड डिवीजन से फर्स्ट डिवीजन में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही है।

# कबड्डी के माध्यम से भारत और पोलैंड कैसे जुड़े?

वारसॉ (पोलैंड), भारत और पोलैंड एक दूसरे से 6000 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर हैं। दोनों देशों के बीच महाद्वीपों, समुद्रों और महासागरों का अंतर है, लेकिन एक ऐसा धागा है जिससे दोनों देश जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोलैंड दौरे पर इसका जिक्र किया और बताया कि कैसे कबड्डी ने दोनों देशों के बीच एक खास कनेक्शन बनाया है।



देश के शासकीय अंदरूनी इलाकों में जन्मा यह खेल अब एक उभरता हुआ खेल बन गया है, जिसने पोलिश युवाओं को भी अपनी ओर आकर्षित किया है। इसी का नतीजा है कि यूरोपीय राष्ट्र ने यूरोप में खिताब जीते हैं, और कबड्डी विश्व कप में महाद्वीप का प्रतिनिधित्व किया है। भारत और पोलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम कबड्डी के खेल के माध्यम से भी जुड़े हुए हैं। यह खेल भारत के माध्यम से पोलैंड पहुंचा और उन्होंने इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। पोलैंड पहली बार कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। मैं उनकी टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। दोनों देशों के बीच खेल संबंध को आगे बढ़ाने के लिए पीएम मोदी गुरुवार को पोलैंड की पुरुष और महिला कबड्डी टीमों के कप्तानों से मुलाकात करेंगे। पोलैंड में कबड्डी काफी लोकप्रिय है, क्योंकि यह टैग और कुश्ती के यूरोपीय खेल जैसा है, और वो वर्तमान यूरोपीय चैंपियन हैं।

# मेरे लिए गंभीर किरदार निभाना मुश्किल था: जैस्मीन भसीन

बिग बॉस 14, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी और नागिन 4 में काम करने वाली मशहूर अभिनेत्री जैस्मीन भसीन ने कहा है कि उनके लिए एक गंभीर किरदार निभाना बहुत मुश्किल था, क्योंकि उनकी छवि पहले से ही एक बहुत ही खुशमिजाज इंसान की है।

इन दिनों अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म ह्यअरदास सरबत दे भले दीह्न की तैयारियों को लेकर अभिनेत्री ऑस्ट्रेलिया में फिल्म के प्रचार कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात कर रही हैं।

वीडियो में जैस्मीन कहती हुई सुनाई दे रही हैं, जब आपकी छवि पहले से ही एक जीवंत व्यक्ति की हो, तो खुद को एक गंभीर भूमिका के लिए तैयार करना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में एक कलाकर के लिए अपने दर्शकों को किसी भूमिका की गंभीरता के बारे में समझाना बहुत मुश्किल हो जाता है। मैं सेट पर हर बार जानबूझकर यही सोचती थी कि, ह्यजैस्मीन यहां नहीं है, किरदार यहां हैह्न।

ह्यअरदास सरबत दे भले दीह्न में पंजाबी सुपरस्टार गिप्पी ग्रेवाल, गुरप्रीत सिंह घुग्गी, प्रिंस कंवलजीत सिंह भी हैं। फिल्म को गिप्पी ग्रेवाल ने लिखा और निर्देशित किया है।

पंजाबी फिल्मों के साथ-साथ हिंदी टेलीविजन में काम कर चुकी जैस्मीन भसीन ने 2011 में तमिल फिल्म ह्यवानमह्न से डेब्यू किया था।

उन्होंने गिप्पी ग्रेवाल के साथ कॉमेडी-ड्रामा ह्यहनीमूनह्न से पंजाबी फिल्मों में डेब्यू किया था।

## अनन्या पांडे की कॉल मी बे का ट्रेलर जारी

फिल्मों के बाद अब अनन्या पांडे ओटीटी पर कदम रखने जा रही हैं। वहीं कई स्टार किड्स को लॉन्च कर चुके करण जौहर ने उन्हें ये मौका दिया। फाइनली अमेजन प्राइम वीडियो ने अनन्या पांडे की नई सीरील कॉल मी बे का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस कॉमेडी-ड्रामा में वीर दास,वरुण सूद, मुस्कान जाफरी, विहान समेत अन्य एक्टर्स नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत होती है अनन्या पांडे से जिनका नाम बेला चौधरी है लेकिन वो खुद को बे बुलाती हैं। बेला का जन्म एक बहुत ही रईस घर में हुआ है और वो प्रॉपर साउथ दिल्ली की लडक़ी हैं।

# ऐतिहासिक ओलंपिक के बाद अर्चना कामथ ने शिक्षा के लिए टेबल टेनिस छोड़ दिया

नई दिल्ली, भारत की शीर्ष पैडलर अर्चना कामथ ने शिक्षा के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए टेबल टेनिस छोड़ दिया है। 24 वर्षीय ओलंपियन, जो पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाली भारत की महिला टीम की प्रमुख सदस्य थीं, ने कहा कि उनका निर्णय पूरी तरह से पढ़ाई के प्रति उनके प्यार से प्रेरित है।

उसने मिशिगन , जहां वह वर्तमान में पढ़ रही है,से ने बताया, अगर मैंने प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस से संन्यास ले लिया है, तो यह केवल और केवल शिक्षा के प्रति मेरे जुनून के कारण है। वित्तीय सहित असाधारण समर्थन प्राप्त करने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह किसी भी तरह से वित्तीय निर्णय नहीं था। कामथ ने भारत की टीम को पेरिस में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक मील का पत्थर था। जर्मनी से कड़ी हार के बावजूद, कामथ एकमात्र उज्ज्वल स्थान थीं, जिन्होंने उच्च रैंकिंग वाली जियाओना शान के खिलाफ जीत हासिल की।

कामथ के जाने से भारत में टेबल टेनिस को आगे बढ़ाने की वित्तीय व्यवहार्यता पर सवाल उठे, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय चिंताओं ने उनके निर्णय में कोई भूमिका नहीं निभाई।

कामथ ने बताया, टेबल टेनिस के साथ मेरे 15 साल शानदार रहे हैं और अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका मिलने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। यह एक अद्भुत खेल है जिसे मुझे लंबे समय तक खेलने का सौभाग्य मिला है और इसके प्रति मेरा प्यार जारी है।

उन्होंने अपने करियर के दौरान मिले व्यापक समर्थन पर जोर दिया और अपनी यात्रा में सहयोग के लिए ओजीक्यू, टॉप्स और इंडियन ऑयल जैसे संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे उस मोर्चे पर शिकायत करने का न तो अधिकार है और न ही इसकी इच्छा है – ऐसा करना उन एथलीटों के लिए बेहद अनुचित होगा जिन्होंने वास्तव में समर्थन के अभाव में संघर्ष किया है।

## एक नजर

### एसएसपी से लगाई गुमशुदा युवक को जल्द ढूंढने की गुहार

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जनपद पौड़ी के बहेली गांव से करीब 2 महीने पहले हरिद्वार गए 21 वर्षीय युवक सचिन का कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों और ग्रामीणों ने एसएसपी से मुलाकात कर जल्द ही युवक को ढूंढने की मांग की। एसएसपी ने परिजनों को जल्द युवक को सुरक्षित वापस लाने का आश्वासन दिया है। पौड़ी ब्लॉक के बहेली गांव के ग्रामीण और गुमशुदा युवक के परिजन गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान गुमशुदा सचिन की माता रजनी देवी ने कहा कि करीब दो महीने पहले नौकरी के लिए हरिद्वार गया था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। कहा कि कोतवाली पौड़ी में तहरीर भी लिखवाई गई लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है। उन्होंने युवक को जल्द ही ढूंढने की मांग उठाई। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि युवक के खाते से कई बार पैसे निकाले गए हैं। ये पैसे अलग-अलग लोकेशन से निकाले जा रहे हैं। कहा कि सीसीटीवी में गुमशुदा युवक ही अपने खाते से पैसे निकाल रहा है। पुलिस युवक को बरामद करने के लिए इन स्थानों पर गई लेकिन युवक के लोकेशन बदलने से दिक्कत हो रही है। कहा कि जल्द ही युवक को सुरक्षित वापस लाया जाएगा।

### काउंसलिंग में पहुंचे 31 गेस्ट शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : गुरुवार को गेस्ट शिक्षकों की काउंसलिंग का आयोजन किया गया। काउंसलिंग में 31 गेस्ट शिक्षकों ने हिस्सा लिया। जबकि 57 गेस्ट शिक्षक अनुपस्थित रहे। पौड़ी के सीईओ नागेंद्र वर्त्वाल ने बताया कि जिले में विभिन्न स्कूलों में खाली प्रवक्ता पदों को लेकर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। काउंसलिंग में 88 गेस्ट शिक्षकों को बुलाया गया था। ये गेस्ट शिक्षक पिछली काउंसलिंग में छूट गए थे। गुरुवार को काउंसलिंग के लिए 31 गेस्ट शिक्षक पहुंचे। इन सभी शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है। इसके बाद गेस्ट शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया जाएगा।

### आईटीपी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में आगामी 2024–25 के शैक्षणिक सत्र के लिए 4 वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि 4 वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी)के तहत बीए बीएड, बीएससी बीएड और बीकाम बीएड (माध्यमिक) के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। बताया कि एनटीए की ओर से आयोजित सीयूईटी परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं ही प्रवेश के लिए 28 अगस्त तक पंजीकरण कर सकते हैं। (एजेंसी)

### भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर 26 अगस्त से देहरादून में

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, लैंसडौन कर्नल ओमप्रकाश फरस्वाण (अ.प्रा.) ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देहरादून द्वारा 2024-25 के लिए सेना, अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस बल में भर्ती हेतु पूर्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर राज्य के पूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के पुत्रों के लिए निःशुल्क है और इसे सैनिक विश्राम गृह, कालीदास मार्ग, हाथी बडकला, देहरादून में किया जाएगा।

कर्नल ओमप्रकाश फरस्वाण (अ.प्रा.) ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम पीआरटी-95, 26 अगस्त से 20 अक्टूबर 2024, तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए बताया कि पीआरटी-95 प्रशिक्षण शिविर के लिए आवेदन पत्र 25 अगस्त, 2024 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, लैंसडौन अथवा सीधे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देहरादून में जमा किए जा सकते हैं। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8439258647 या 9410321614 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### चरस तस्करी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी : टिहरी पुलिस की ओर से मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को शातिर चरस सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में बीते दिनों थाना देवप्रयाग पुलिस ने दो तस्करों को चरस के साथ गिरफ्तार किया था। जिनके बयान के आधार पर पुलिस ने मुख्य तस्कर को गिरफ्तार किया।

# बारिश से उफान पर बने नदी नाले, वैकिल्प मार्ग भी बहा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : बुधवार रात हुई बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए। जिसके कारण मालन नदी पर तल्ला मोटाढांक-हल्दूखाता वैकल्पिक मार्ग भी नदी की भेंट चढ़ गया। वहीं, जगह-जगह गली-मोहल्लों में जल भराव की स्थिति देखने को मिली। कोटद्वार शहर में पिछले तीन दिन से रात के समय अचानक मौसम का मिजाज बदल रहा है। रात को हो रही तेज बारिश ने नदी नालों के तट पर रहने वाले परिवारों की नींद तक उड़ा दी है। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे से शुरू हुई बारिश सुबह करीब पांच बजे तक चलती रही। बारिश के दौरान मालन नदी पर बना वैकिल्पक मार्ग भी नदी की भेंट चढ़ गया। साथ ही कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी भारी मलबा आ गया था। जिसके कारण घंटों यातायात ठप रहा। शहर में जगह-जगह गली मोहल्लों में पानी भर गया।



बारिश के बाद पुराना सिद्धबली मार्ग पर भरा पानी

### दिव्यांगों को दिया जाएं आरक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पदमपुर निवासी मनोज रावत ने सरकार से लोकसभा, विधानसभा सहित नगर निकाय व त्रिस्तरीय चुनाव में दिव्यांगों को आरक्षण की सुविधा दिए जाने की मांग की है। कहा कि दिव्यांगों के हित में सरकार को गंभीरता से कार्य करना होगा।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्रों में मनोज रावत ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा, विधानसभा सहित त्रिस्तरीय चुनाव में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की सुविधा है। यदि दिव्यांगों को चुनाव लड़ने के लिए आरक्षण की व्यवस्था हो तो वे स्वयं को उपेक्षित नहीं समझेंगे।

कहा कि राज्य निर्माण के बाद से ही दिव्यांगजनों को राज्य की प्रगति में अहम योगदान रहा है। दिव्यांगजन मतदान में भी प्रतिभाग कर मत प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करते हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दिखाई जाएंगी मनमोहक झांकियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गोविंदनगर स्थित गीता मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति की जाएगी। साथ स्कूली बच्चों के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित होगी। गुरुवार को गीता मंदिर में गीता भवन उत्सव समिति की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। सदस्यों ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गीता मंदिर में 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। अंबाला के कारीगरों द्वारा श्री राधा-कृष्ण के विग्रह को साबुत अनाजों से अलंकृत किया जाएगा। काशीपुर के कारीगरों द्वारा गुरु गोविंद सिंह के बेटों का धर्म की रक्षा के लिए बलिदान व बालक ध्रुव को प्रभु दर्शन की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। बिजनौर के कारीगरों द्वारा मंदिर परिसर को बिजली एवम फूलों से सजाया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों के खेलने की भी मंदिर में व्यवस्था बनाई जाएगी। सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि बच्चों के लिए कान्हा की मटकी सज्जा प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। बैठक में अजय गुप्ता, रमेश सिंघल, विनय शर्मा, हरीश नारंग, सुबोध अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजू छावड़ा, सुमित गोयल, योगेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन कार्यक्रम संयोजक रामप्रकाश शर्मा ने किया।

# समस्याओं का निराकरण न होने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : मालन नदी पर क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत एक वर्ष बाद भी नहीं होने से विभिन्न समस्याओं पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्याओं के संबंध में सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के मध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रदेश सचिव जगदीश कुलियाल व जिला संयोजक आशुतोष ने शासन-प्रशासन पर मालन पुल निर्माण में देरी का आरोप लगाया। कहा कि मालन पुल को टूटे हुए एक वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन, अब तक उसकी मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। जशोधरपुर में स्थित स्टील फैक्ट्रियों को क्षेत्रीय जनमानस के स्वास्थ्य के लिए घातक बताया। कहा कि फैक्ट्रियों से प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आमजन का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में स्टील फैक्ट्रियों को दूसरी जगह स्थानांतरित की जाए। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण में हो रही देरी के लिए शासन-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि नजीबाबाद से देहरादून व लालढांग से हरिद्वार तक का पूरा मार्ग वन क्षेत्र से गुजर रहा है। लेकिन, लालढांग-चिल्लरखाल के दस किलोमीटर के मोटर मार्ग को ही वन क्षेत्र कहकर रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कोटद्वार शहर में सिटी बस का शीघ्र संचालन करवाने की भी मांग की है। इस मौके पर विमला गढ़वाली, गजेंद्र सिंह, बचन सिंह, मदन सिंह, कमलजीत सिंह, उमेश नौटियाल, जगदीश जोशी, पुरूषोत्तम डबराल मौजूद रहे।

### छात्रों को संस्कृत का महत्व बताया

श्रीनगर गढ़वाल : जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय में संस्कृत सप्ताह के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों के लिए संस्कृत श्लोकोच्चारण, संस्कृत समूह गान, संस्कृत गीत प्रतियोगिता आयोजित हुई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत भाषा का महत्व समझाया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों के प्रति प्रेरित करते हुए इस भाषा के सन्दर्भ में सभी छात्रों का ध्यान आक्रर्षित करते हुए जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् के साथ ही विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न सस्थाओं ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# युवा बैठा बेरोजगार, विधायक बढ़ा रहे भत्ता

### गैरसैण सत्र में विधायकों का भत्ता बढ़ाने का उक्रांद ने किया विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गैरसैण में जारी विधानसभा सत्र के पहले दिन ही विधायकों का भत्ता बढ़ाए जाने का उत्तराखंड क्रांति दल ने विरोध किया है। कहा कि प्रदेश में युवा बेरोजगार बैठा हुआ है और विधायक अपना भत्ता बढ़ा रहे हैं। इससे पता चलता है कि सरकार को प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी व पलायन से कोई मतलब ही नहीं है।

गुरुवार को शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी नेता डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के ऊपर 70000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है, बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए बजट नहीं हैं, संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। आपदा प्रबंधन के लिए बजट का अभाव है और दूसरी ओर विधायकों का भत्ता बढ़ाने में भाजपा और कांग्रेस के विधायक गहरे दोस्तों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। कहा कि एक ओर पहाड़ी क्षेत्रों व गांवों में लोग चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में मौत के शिकार हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विधायकों के भत्ते बढ़ाने की तैयारी चल रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सत्ता व विपक्षी विधायकों पर आरोप लगाया कि वे स्वयं अपने व ब्यूरोक्रेट्स के हित के लिए तत्काल कानून बनाते हैं, परन्तु भू कानून, मूल निवास 1950, आम जनता के मौलिक अधिकार, रोजगार, जंगली जानवरों से जनता की रक्षा, वन कानूनों व वन्यजीव कानूनों के कारण रूके विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए कानून नहीं बना पा रहे हैं। बैठक में पुष्कर सिंह रावत, जगदीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, प्रवेश चन्द्र नवानी, सत्य प्रकाश भारद्वाज, हरीश द्विवेदी, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, सतपाल नेगी, रामचंद्र सिंह नेगी और ओम प्रकाश घनसेला आदि मौजूद रहे।



आयोजित बैठक में भाग लेते उक्रांद कार्यकर्ता

# घर-घर से यूजर्स चार्ज वसूलेंगे स्वयं सहायता समूह

### नगर निगम की ओर से आयोजित की गई बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम की ओर से घर-घर यूजर्स चार्ज वसूलने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। निगम के इस निर्णय से जहां नगर निगम की आर्थिकी मजबूत होगी। वहीं, स्थानीय महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध होगा। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने नगर निगम सभागार में स्वयं सहायता समूहों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर निगम की ओर से 88 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। समूह को घर-घर से यूजर चार्ज एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। कहा कि समूह को पहले कार्य का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कहा कि निगम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है। इसके लिए लगातार प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त चंद्र शेखर शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर जगदीश रतूड़ी, मीना राणा, अरूणा देवी, हेमलता देवी, गीता देवी, रोशनी देवी, मीरा देवी, मोनिका भट्ट, शशि देवी, उर्वशी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार नगर निगम में समूह की बैठक लेते नगर आयुक्त वैभव गुप्ता

### वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को हुआ भूमि पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर एजेंसी चौक के पास कोतवाली के समीप गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। शहर में वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर वाल्मीकि समाज की मांग पूरी होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने खुशी जताई है। इस मौके पर स्वच्छकार कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार घागट ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही वाल्मीकि समाज की मांग पूरी होने पर सभी वाल्मीकि समाज के लोगों में खुशी बनी हुई है। उन्होंने जिला, नगर पालिका प्रशासन का वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर स्थान दिए जाने पर आभार जताया। भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गौरव भसीन, व्यापार सभा अध्यक्ष विनय शर्मा, सरपंच वन पंचायत कंडोलिया ललित सिंह नेगी, राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष अंकित घाघट आदि शामिल रहे।

# सृष्टि के प्रारंभ से ही ऋषियों ने दिया वेद का ज्ञान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आर्य समाज कोटद्वार में पांच दिवसीय वेद प्रचार महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान सदस्यों ने वेद को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कहा कि सृष्टि के प्रारंभ से ही ईश्वर ने ऋषियों को वेद का ज्ञान दिया था। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नितिन चतुर्वेदी ने हवन यज्ञ कर किया। सर्वप्रथम पंडित भूपेंद्र आर्य ने वेदों व सत्संग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि सृष्टि के प्रारंभ में ऋषियों ने वेदों का ज्ञान दिया था।

वेदों का पाठ करने से मनुष्य के जीवन का अंधकार नष्ट हो जाता है। कहा कि श्रावणी पर्व वेदों को सुनने व सुनाने का ऋषियों की प्राचीन परंपरा है। कहा कि सृष्टि के प्रारंभ से ही ईश्वर ने ऋषियों को वेदों का ज्ञान दिया था। कहा कि कई लोग अपने मतों का प्रचार कर रहे है, कोई कह रहा है कि ईसाई बनो, कोई कहता है कि मुसलमान बनो, कोई जैन, बौद्ध, सिक्ख, हिंदू बनने का बात कर रहा है। लेकिन, वेद मनुष्य बनने का ज्ञान देता है। वेद का ज्ञान सारे संसार के लोगों के लिए एक समान है। इस मौके पर राजेंद्र ग्रोवर, अवतार सिंह, आनंद प्रकाश आर्य सहित कई लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**उत्पाद/ब्रांड्स को सूचीबद्ध करने के लिए सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/खानपान, प्रसिद्ध/लोकप्रिय खाद्य वस्तुओ के ब्रांडों को सूचीबद्ध करने के लिए प्रसिद्ध उत्पाद/ब्रांड्स PAD आइटम्स, फ्रूट ड्रिंक्स/जूस इत्यादि के निर्माताओं से निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 13.09.2024 को 14:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित करते है।

विस्तृत जानकारी एवं खाद्य वस्तुओ की सूचि उत्तर रेलवे की वेब साइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं। परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट को देखते रहे।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2613/24



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना संख्या 139–डीआरएम–एमबी–24–25, दिनांक 20.08.2024 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की गई थी, निविदा की अनुसूची में कुछ परिवर्तन के कारण निम्नलिखित मूल्यों में परिवर्तन किया गया है:–

1. विज्ञापित मूल्य रु. 2,64,59,089.07 से रु. 2,65,33,539.64
2. बयाना राशि रु. 2,82,300.00 से रु. 2,82,700.00

अन्य नियम व शर्तें समान रहेंगी। 2623/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार उठाएं ठोस कदम

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर पूर्व सैनिकों ने मुख्यालय पौड़ी में कलक्ट्रेट के समीप हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर धरना प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। पूर्व सैनिकों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इस संबंध में ठोस कदम उठाने की मांग की। गुरुवार को धरना देते हुए पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, मंदिरों को भी तोड़ा जा रहा है। वहां हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं और उनके प्रतिष्ठानों को जलाया जा रहा है उनकी हत्याएं की जा रही हैं। कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

### युवकों को हुड़दंग करना पड़ा भारी, पुलिस ने किया चालान, कार सीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कोतवाली क्षेत्र पौड़ी के एक गांव के समीप चार युवकों ने शराब के नशे में हुड़दंग करना भारी पड़ गया। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों युवकों का विभिन्न धाराओं में चालान कर कार को सीज कर दिया है।

मेडिकल रिपोर्ट में युवकों के शराब के नशे में होने की पुष्टि हो गई है। कोतवाल ने बताया कि शराब के नशे में हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कोतवाली क्षेत्र पौड़ी के प्रेमनगर के रहने वाले चार युवक बीते बुधवार की शाम को निसणी गांव के समीप कार से पहुंचे। जहां उन्होंने शराब के नशे में जमकर हुड़दंग मचाया। ग्रामीणों ने युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आए। परेशान होकर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। मौके पर पहुंची पुलिस टीम मेडिकल जांच के लिए युवाओं को जिला अस्पताल ले आई। जहां रिपोर्ट में युवाओं के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। कोतवाल पौड़ी अमरजीत सिंह ने बताया कि शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले अमित भंडारी, रवि भंडारी, अजीत कुमार और अमित कुमार सभी निवासी प्रेमनगर का ड्रंग एंड ड्राइव व पुलिस अधिनियम में चालान कर कार को सीज कर लिया है।

बताया कि हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

# पुरिया नैथानी का 376वां जन्म दिवस मनाया, मेधावी छात्रों को दी छात्रवृत्ति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग में पुरिया नैथानी का 376वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर वीर पुरिया नैथानी ट्रस्ट द्वारा बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की गई। साथ ही पीटीए फंड में पांच हजार की धनराशि दी। इस दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर वीर पुरिया नैथानी ट्रस्ट द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रवृत्ति वितरण की गई। ट्रस्ट के संरक्षक निर्मल नैथानी ने वीर पुरिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी वीरता, पराक्रम, अदम्य साहस को जीवन में उतारना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उन्हें गढ़ चाणक्य, शिक्षाविद, महान सेनापति विभिन्न नामों से जाना जाता था, वह 95 वर्ष भी सेनापति के रूप में लड़ते-लड़ते शहीद हुए इसीलिए उन्हें वीर पुरिया नैथानी कहा जाता है। गत वर्ष वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं में छात्रवृति पाने वालों में कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान कुमारी आराधना रावत पुत्री जसवीर रावत, द्वितीय स्थान मानसी रावत पुत्री भगत सिंह रावत, तृतीय स्थान रियांसी पुत्री मनोज रावत, 12 वीं में प्रथम स्थान आशना रावत पुत्री जसवीर रावत, द्वितीय स्थान दिव्या पुत्री भूपेन्द्र, तृतीय स्थान अंजली पुत्री जयवीर सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर वीर पुरिया ट्रस्ट के संरक्षक निर्मल नैथानी, राजेंद्र प्रसाद नैथानी, वीरेंद्र कुमार नैथानी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार चौहान, विद्यालय संरक्षक पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह नेगी, पीटीए अध्यक्ष अशोक रावत, एसएमसी अध्यक्ष जसवीर रावत, समाजसेवी एवं परा विधिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बालम सिंह राणा ने किया।



राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग में वीर पुरिया नैथानी ट्रस्ट के सदस्य छात्रा को छात्रवृत्ति देते हुए।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।**
**उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग**

पत्रांक- 3162/18ए0सी0 दिनांकः- 16/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदा दि0 29/08/2024 को अपराहन 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/08/2024 से 28/08/2024 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 29/08/2024 को अपराहन 03.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं:-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | वार्षिक अनुरक्षण मद के अंतर्गत स्व0 जगमोहन सिंह नेगी (एस0एच0 9) मोटर मार्ग के कि0मी0 115 से 139 में पैच मरम्मत का कार्य। | 60,000.00 | 1500+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 30/08/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

## एक नजर

### नपं गजा के लिए निकाली निविदाएं निरस्त की जाएं

नई टिहरी : नगर पंचायत गजा के स्थानीय लोगों ने गुरुवार को डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर निविदाओं में अनियमितता की शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि नगर पंचायत गजा में उन कामों की भी निविदा निकाली गई हैं, जो काम पहले हो चुके हैं। इसलिए इन आमंत्रित निविदाओं की जांच कर निरस्त की जाए। गुरुवार को गजा नगर पंचायत के स्थानीय लोग नई टिहरी कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि बीती 15 अगस्त को नगर के कामों को लेकर प्रभारी ईओ ने निविदाएं आमंत्रति की हैं। इन निविदाओं में जो कार्य रखे गये हैं, उनमें अधिकांश पूर्व हो चुके हैं। इन कामों को ठेकेदारों को भुगतान भी हो चुका है। एक निविदा गजा से डांडाचली मार्ग पर इंटरलाक टाइल्स लगाने को है। जबकि इस मार्ग पर इंटरलॉक टाइल्स लगी हुई हैं। इस तरह से निविदाओं में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इसलिए इन निविदाओं को निरस्त कर जांच की जाय। ज्ञापन भेजने वालों में आशीष चौहान, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, लोकेंद्र सिंह, मदन सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं। (एजेंसी)

### विज्ञान संगोष्ठी में आकृति ने मारी बाजी

नई टिहरी : राजकीय इंटर कॉलेज रौतू की बेली में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में छात्रा आकृति कंडारी ने प्रथम और श्रद्धा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों विजेता छात्राएं जिला स्तरीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगी। रौतू की बेली इंटर कॉलेज में आयोजित विज्ञान संगोष्ठी में क्षेत्र के 20 माध्यमिक विद्यालयों के 40 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी का विषय कृत्रिम बुद्धिमता रखा गया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलवानी सकलाना की आकृति कंडारी प्रथम और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज थत्यूड़ की श्रद्धा द्वितीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष धनवीर रावत, महामंत्री मदन मोहन सेमवाल, गजेंद्र सिंह, महेश चंद्र चौहान, आरती चौरसिया, अनिल नौटियाल, द्वारिका प्रसाद सती, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र मिंया, कुसुम नेगी, अंजना गैरोला, सुषमा उनियाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में निकाली रैली

नई टिहरी : नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के गजा में विश्व हिन्दू परिषद सहित स्थानीय लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में गुरुवार को रैली निकाली। उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर इस ओर सकारात्मक कार्यवाही कर वहां के हिंदुओं की रक्षा में कठोर कदम उठाने की मांग की। गुरुवार को विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रवि रावत, महामंत्री गजेंद्र सिंह चौहान की अगुवाई में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने गजा बाजार से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। हाथ में तिरंगा लेकर लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए आवाज उठाई। मनजीत सिंह रावत, नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष मीना खाती, भाजपा जिला मंत्री गजेंद्र खाती, व्यापार सभा अध्यक्ष विनोद चौहान, दिनेश खाती, मनीष रावत, अमित चौहान आने ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। अंतरिम सरकार बनने के बाद भी वहां पर हिंदुओं का कत्लेआम किया जा रहा है। कहा कि भारत में भी हिंदू बहन-बेटियों के साथ रेप और मर्डर जैसी घटनाएं हो रही हैं। जिस पर भारत सरकार को सख्त एक्शन लेना चाहिए। इस मौके पर जोत सिंह असवाल, विनेश चौहान, ऋषि राम, गंभीर नयाल, पूरन चौहान, शैलेंद्र चौहान, आशीष चौहान, पुष्प पाल खाती, रविंद्र रावत मौजूद रहे। (एजेंसी)

### आपदा में लापता लोगों की तलाश जारी

रुद्रप्रयाग : बीती 31 जुलाई को केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग में आई आपदा में कुछ संभावित लापता लोगों की पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही है। हालांकि यह भी संभावना जताई जा रही है कि जिन लोगों की गुमशुदगी पुलिस के पास दर्ज हुई है उनकी मलबे में दबने की आशंका हो सकती है। किंतु इस सबके बाद पुलिस लगातार खोजबीन में जुटी है। जल पुलिस की दो टीमें सोनप्रयाग से लिंचौली और सोनप्रयाग से कुंड तक निरंतर खोजबीन कर रही है। केदारनाथ पैदल मार्ग में लिंचौली में आई आपदा के चलते 5 अगस्त तक 4 शव बरामद हो चुके थे। जबकि पुलिस को 23 लोगों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

# पुनर्निर्माण कार्यों के लिए धन की कमी नहीं : धामी

### सीएम ने घुत्तू-पंजा-देवलिंग टिहरी में आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**



टिहरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद टिहरी क्षेत्रांतर्गत घुत्तू-पंजा-देवलिंग टिहरी पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मलेथी में आपदा प्रभावित परिवार श्रीमती दुर्गा देवी पत्नी विशाल मणि से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी, आपदा से हुए नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द करने के प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों की शिकायत पर घुत्तू हाइड्रो पॉवर से मकानों को हो रहे नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को पुनः परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि घुत्तू में अतिवृष्टि/बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। कई मकान और मवेशी आपदा की जद में आए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को आपदा प्रभावितों को तत्काल सहायता देने, आपदा संभावित क्षेत्रों में आपदा क्षति का आंकलन करने, आपदा से क्षतिग्रस्त पुनर्निर्माण के कार्यों को तत्काल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि 21 अगस्त की रात्रि को हुई अतिवृष्टि से तहसील घनसाली क्षेत्रांतर्गत घुत्तू क्षेत्र में 29 भवनों को क्षति पहुंची है, जिसमें 06 भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त तथा 23 भवन आंशिक क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी तक लगभग 09 क्षतिग्रस्त मकानों का 10 लाख से अधिक की धनराशि नियमानुसार अहेतुक एवं मकान क्षति के रूप में दी जा चुकी है। आंशिक क्षति भवनों के लगभग 20 परिवारों के लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत आपदा राहत शिविरों में रखा गया है, जिनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य होने पर यदि कुछ गांवों के विस्थापन की जरूरत होगी तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी या जो किराए के घरों में जाना चाहेगा नियमानुसार किराया दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आपदा से 17 पशु हानि हुई है, जिसमें नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। लगभग 24 पेयजल लाइनों को क्षति पहुंची है। इसके साथ ही विद्युत लाइनों, सड़क, पुलिया आदि अन्य परिसंपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा है। अभी तक 450 परिवारों की कृषि क्षति का आंकलन कर लिया गया है। 03-04 गांव का सड़क मार्ग से संपर्क कट चुका है, जिनके सुचारू करने की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा से मलेथी, चंदला, गवाणा मल्ला, गवाणा तल्ला, कैलबागी, देवलंग, जोगियाणा, गंगेरी, चक्रगांव, मलेथा, रानीढांग, पंजा, मेंडू सिंधवाल, सांकरी, लोम, समणगांव, मिसवाली, भाट्गांव, अंकवाण गांव, रैतगांव, भेलुन्ता आदि कई गांवों में काफी नुकसान हुआ है। इस मौके पर विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, एसडीएम अपूर्वा सिंह, डीएसओ मनोज डोभाल, अधिशासी अभियंता विद्युत अमित आनंद, अधिशासी अभियंता लोनिवि घनसाली दिनेश नौटियाल, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम के एन सेमवाल, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई पवन कुमार सहित जनप्रति निधि, ग्रामीण मौजूद रहे।

# अति संवेदनशील गांवों का होगा जियोलॉजिकल सर्वे : डीएम

नई टिहरी : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बीते मंगलवार की देर रात को भिलंग पट्टी के घुतू क्षेत्र में आई आपदा के बाद क्षति का जायजा लिया।

गुरुवार को मौके पर पहुंचे डीएम ने आपदा प्रभावित लोगों से मिलकर उन्हें हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं शीघ्र सुचारु करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अति संवेदनशील गांवों का जियोलॉजिकल सर्वे करवाने के साथ ही नदी-नालों के किनारे सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं शीघ्र बहाल करने को प्राथमिकता दी जा रही है। डीएम ने संबंधित विभागों को शीघ्र आवश्यक सुविधाएं सुचारु करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने डीएम को बताया कि क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों में क्षति का आकंलन किया गया। जिसमें पीएमजीएसवाई की गवाना तल्ला मोटर मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त, मेडू सिंदवाल गांव पर बोल्डर व मलबा आने, घनसाली घुतू-वीना मोटर मार्ग वॉशआउट तथा घुद्दू देवलंग मार्ग मलबा व बोल्डर आने से बाधित है। जिन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही 12 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। जिनमें से चार गांवों में आपूर्ति बहाल कर दी गई है। शेष 8 गांवों में राहत कार्य जारी है। बताया कि आपदा से जल निगम की 13 और जल संस्थान की 5 योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई है। वहीं काश्तकारों की 362 नाली कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हुई। जबकि 19 मवेशियों की मौत हो गई। 20 से 25 परिवारों को अस्थाई राहत शिविर तथा उनके रिश्तेदारों के घरों में रखा गया है। (एजेंसी)

# घास काटने गई महिला को सांप ने डंसा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम पोखरी चोपड़ाकोट में जंगल में घास काटने गई एक महिला को सांप ने डस लिया। महिला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पोखरी चोपड़ाकोट निवासी श्रीमती धनेश्वरी देवी धस्माना पत्नी दीपक धस्माना गांव के ही पास जंगल में घास काटने गई थी।

इसी दौरान अचानक उसे सांप ने काट लिया। ग्राम प्रधान मनोज पोखरियाल एवं अन्य ग्रामीण धनेश्वरी देवी को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता आशाराम पोखरियाल ने बताया कि घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मदन बिष्ट और श्रीमती उषा बुटोला तत्काल अस्पताल पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। वन विभाग के कर्मचारियों ने महिला को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### जनसंवाद कार्यक्रम हुआ स्थगित

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** जन समस्याओं के समाधान की व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु प्रत्येक सोमवार को विकास भवन सभागार में जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आगामी सोमवार को आयोजित होने वाला जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम राजकीय अवकाश (जन्माष्टमी पर्व) होने के कारण स्थगित कर दिया गया है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय डीएस रौतेला ने बताया कि आगामी सोमवार (26 अगस्त) को जन्माष्टमी के पर्व पर राजकीय अवकाश होने के कारण विकास भवन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित होने वाला जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि अगला जन संवाद/जनता कार्यक्रम 02 सितंबर, 2024 को निर्धारित समय व स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

# आरोग्य शिविर में 279 लोगों की हुई जांच

### 14 अल्ट्रासाउंड, 16 एक्स-रे व 145 पैथोलॉजी जांच हुई

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रुद्रप्रयाग के तत्वावधान व राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सहयोग से गुरुवार को सीएचसी अगस्तयमुनि में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 279 लोगों की जांच की गई। इस अवसर पर शिविर में पहुंचे लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूक किया गया।




प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि प्रति माह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया जाना निर्धारित है। इसी कड़ी में गुरूवार को मेडिकल कॉलेज श्रीनगर की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि हेल्थ मेले में कुल 279 के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. तनवी नायर द्वारा 15, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गरिमा द्वारा 25, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ख्याती महेंदीरत्ता द्वारा 50, मनोचिकित्सक डा0 रॉकी शर्मा द्वारा 15 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रुचिका द्वारा 24, सर्जन डॉ. वैभव विशाल द्वारा 60 व फिजीशियन डॉ. अतुल उपाध्याय द्वारा 90 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही 14 लोगों का अल्ट्रासाउंड, 16 की एक्स-रे जांच व 145 की पैथोलॉजी जांच की गई।

इसके साथ ही शिविर में प्रत्येक लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करने के आशय से लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने व उसके फायदों के बारे में जागरूक करते हुए अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में अगस्त माह से 85 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक शनिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, सितंबर में तृतीय गुरुवार को व अक्टूबर में चतुर्थ गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर का शिविर आयोजित किया जाएगा।

# 1 सितंबर को जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुडदोडी में लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सिविल जज(सी0डि0)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली ने बताया कि आगामी 01 सितंबर, 2024 को जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुडदौडी परिसर में नालसा द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में माननीय न्यायमूर्ति, माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल एवं कार्यकारी अध्यक्ष माननीय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

गुरूवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आयोजित बैठक में सचिव अकरम अली ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण करना है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को शिविर में मोबाइल डायग्नोस्टिक टीम, ब्लड डोनेशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने, स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, बाल विकास, कृषि, पशुपालन, उद्यान, राजस्व, श्रम, उद्योग, पंचायतीराज विभाग, जिला पूर्ति विभाग, सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा शिविर में स्टॉल लगाकर संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने नगर पालिका परिषद पौड़ी को शिविर में साफ-सफाई, डस्टबिन, सैनिटाइसिंग आदि की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। कहा कि शिविर में साइबर क्राइम, चाईल्ड अब्यूज व एंटी ड्रग जैसे गंभीर मुद्दों पर नुक्कड़ नाटकों के द्वारा संदेश दिया जायेगा। बैठक में डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार, नगर पालिका पौडी ईओ गौरव भसीन, एसीएमओ डॉ. सुमित देव बर्मन, डीपीओ देवेन्द्र थपलियाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा रणजीत सिंह नेगी, नायब तहसीलदार करिश्मा जोशी, क्रीड़ा प्रभारी शिक्षा विभाग योगंबर सिंह नेगी, एसआई कोतवाली मनोज सिंह रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार कटिबद्धः अग्रवाल

देहरादून। सरकार ने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार राज्य में कतई स्वीकार्य नहीं है। सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए निश्चित रूप से कटिबतद्ध है। सतर्कता विभाग द्वारा वर्ष 2021 से अब तक ट्रैपिंग के विभिन्न मामलों में 58 लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरूवार शून्यकाल में खानपुर विधायक उमेश कुमार ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई के लिए विभिन्न मंच तैयार किए हैं। इसके तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबर पर मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। जनशिकायतों की सुनवाई के लिए हेल्पलाइन 1905 पर ही जनता ने 5.67 लाख शिकायत दर्ज कराई। जिनमें 4.5 लाख का समाधान भी किया जा चुका है। उमेश कुमार ने राज्य गठन से अब तक विभिन्न मामलों को उठाते हुए गुप्ता बंधुओं का मामला उठाया था। उन्होंने उनके खिलाफ सीबीआई ओर ईडी की जांच कराने की मांग की थी। संसदीय कार्यमंत्री के बयान से असंतुष्ट उमेश कुछ देर के लिए वेल में भी आए और विरोध जताया। संसदीय कार्यमंत्री के जवाब से संतुष्ट विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने उमेश की सूचना की अस्वीकार कर दिया।

### खराब स्ट्रीट लाइट ठीक करने की मांग

देहरादून। नगर निगम चंद्रबनी वार्ड के निवर्तमान पार्षद सुखवीर सिंह बुटोला ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में पिछले आठ महीने से सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। जिस कारण वार्डवासियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वार्ड में कई स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, रात में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि इसकी शिकायत कई बार नगर निगम से की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने नगर निगम से शीघ्र ही सफाई व्यवस्था में सुधार के साथ ही स्ट्रीट लाइट को ठीक करने की मांग की है।

# आरटीआई एक्ट को लेकर चलेगा प्रदेश स्तरीय अभियान

देहरादून। सूचना आयोग सूचना अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय अभियान चलाएगा। इसमें हर माह विभागवार दो कार्यशालाओं का आयोजन होगा। विधि कालेजों, उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त विवेक शर्मा ने गुरुवार को सूचना आयोग में हुई प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि आरटीआई दिवस पर बेहतर कार्य के लिए पांच लोक सूचना अधिकारियों, तीन अपीलीय अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। साथ ही राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं परिचर्चा भी आयोजित होंगी। सूचना अधिकार को लेकर सकारात्मक वातावरण बनाने, आमजन की जागरूकता के लिए यह पहल की जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल प्राप्त अनुरोध पत्रों में से चार फीसदी प्रकरण ही द्वितीय अपील में पहुंच रहे हैं। इससे साफ है कि अनुरोधकर्ता लोक सूचना अधिकारियों और विभागीय अपील अधिकारियों के निस्तारण से संतुष्ट हैं। उन्हें समय पर सूचना प्राप्त हो रही है। मौके पर राज्य सूचना आयुक्त विपिन चंद्र भट्ट और योगेश भट्ट मौजूद रहे।

### नगर निगम के वार्ड परिसीमन पर जताई आपत्ति

देहरादून। नगर निगम में वार्डों के परिसीमन को लेकर आपत्तियां बढ़ती जा रही है। कई वार्डों में लोग नए परिसीमन को लेकर संतुष्ट नहीं है। बंजारावाला वार्ड से जुड़ी कई कॉलोनियों को अलग-अलग तीन वार्डों में शिफ्ट करने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। श्रीदेव भूमि जनविकास समिति के संयोजक सुशील सक्सेना ने कहा कि वार्ड नंबर 84 का परिसीमन किया गया है। इस वार्ड के कन्हैया विहार, कारगी, शांति विहार, आदर्श कालोनी, सचिवालय सहकारी आवासीय कॉलोनी, शिवालिक एनक्लेव, चाचक चौक को तीन वार्डों में बांटा गया। लोग नए परसीमन से संतुष्ट नहीं है। इससे विकास प्रभावित होगा।

# लोक सेवा आयोग से होगी अशासकीय स्कूलों में शिक्षकों की भर्तीः धन सिंह

देहरादून। गैरसैंण। अशासकीय स्कूलों में शिक्षक-कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को सरकार लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जरिए कराएगी। गुरुवार को प्रश्नकाल में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने यह ऐलान किया। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी के अशासकीय स्कूलों के 426 तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण से जुड़े सवाल का जवाब हुए शिक्षा मंत्री रावत ने यह जानकारी दी। कापड़ी के सवाल के साथ विधायक रवि बहादुर, सुमित ह्दयेश और विनोद चमोली के अनुपूरक सवालों के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार अशासकीय स्कूलों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना चाहती है।कहा कि वर्तमान में नियुक्तियों का अधिकार स्कूल की प्रबंध कमेटी के पास है। कुछ जगहों से नियुक्तियों को लेकर शिकायतें भी मिली हैं। इसलिए सरकार अशासकीय स्कूलों की नियुक्तियों को लोक सेवा आयोग के जरिए कराने पर विचार कर रही है। इस पर चमोली ने पूछा कि आयोग से नियुक्तियां कराना चाहते हैं तो कब तक कराएंगे? यह भी स्पष्ट कर दिया जाए। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डा. रावत ने कहा कि अशासकीय स्कूलों के तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण का मसला कोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट जो भी फैसला करेगा, सरकार उस निर्णय का पालन करेगी।



# गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी और एंडोस्कोपी सेवाएं शुरू

हरिद्वार। हरिद्वार के लोगों के लिए एक नई सुविधा शुरू की गई है जहाँ पेट से जुड़ी सभी बीमारियों का इलाज मिलेगा। इस सुविधा में विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह और एडवांस जांच (एंडोस्कोपी) की सुविधा भी मिलेगी, जो डॉ. प्रत्यूष सिंघल द्वारा की जाएगी।मैक्स अस्पताल, देहरादून ने 2017 में हरिद्वार में मैक्स मेड सेंटर की शुरुआत की थी, ताकि यहां के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। तब से लेकर अब तक इस सेंटर ने 5000 से ज्यादा मरीजों को सलाह दी है।हरिद्वार में यह नई सुविधा खासकर पेट से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए है, जिससे यहां के लोगों को अच्छे इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मैक्स मेड सेंटर, हरिद्वार में पहले से ही दिल, नसों, हड्डियों और रीढ़ से जुड़ी बीमारियों के लिए ओपीडी सेवा चल रही है।इस मौके पर डॉ. प्रत्यूष सिंघल ने कहा कि पेट से जुड़ी समस्याएं आजकल आम हो गई हैं, और सही समय पर इलाज होने से बड़ी बीमारी से बचा जा सकता है। इस नई सुविधा का उद्देश्य हरिद्वार के लोगों को उनके नजदीक ही बेहतरीन इलाज उपलब्ध कराना है।मैक्स अस्पताल, देहरादून को अपनी बेहतरीन सेवाओं के लिए जाना जाता है और यह कई इलाज के क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए मान्यता प्राप्त है। यह उत्तराखंड का पहला ठअइल्ल मान्यता प्राप्त अस्पताल है, जो उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।मैक्स अस्पताल के सीनियर वी.पी. हॉस्पिटल ऑपरेशंस डॉ. संदीप सिंह तंवर ने कहा कि ह्लहमें खुशी है कि हम हरिद्वार में अपनी ओपीडी सेवाओं में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एंडोस्कोपी को जोड़ रहे हैं। हमारा मकसद है कि हरिद्वार के लोगों को बेहतरीन मेडिकल एक्सपर्ट्स और आधुनिक जांच सुविधाएं उनके पास ही मिल सकें, ताकि उन्हें आसानी से और अच्छे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके और उनकी जिंदगी बेहतर हो सके।"पेट से जुड़ी बीमारियों के लिए यह ओपीडी सेवा हर महीने उपलब्ध होगी। अधिक जानकारी के लिए राहुल जैन से से 9808916990 पर संपर्क किया जा सकता है।




### एंबुलेंस की चपेट में आकर युवक की मौत

हरिद्वार। बहादराबाद थाना क्षेत्र के शनि मंदिर के पास मंगलवार देर रात एंबुलेंस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की ओर से शिकायत आने के बाद एंबुलेंस चालक के खिलाफ अज्ञात में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक हादसा मंगलवार की रात का हुआ, जब एक बाइक सवार युवक को पीछे से तक गति से आ रही एबुलेंस ने शनि मंदिर के नजदीक साइड मार दी।

साइड लगने से बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी गभीर हालत देखते हुए चिकित्सको ने उसे हायर सेंटर एम्स रेफर किया। जहां इलाज के दौरान जय कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी ब्रह्मपुरी लक्सर की मौत हो गई। भाई विजय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

### दो दोपहिया वाहन चोरी

हरिद्वार । ऋषिकुल मैदान में चल रहे मेले से मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। मेले में सिक्योरिटी गार्ड के तैनात होने पर भी दोपहिया वाहन चोरी होने पर कई सवाल खड़े हो रहे है। स्थानीय पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में मनीष भंबरी पुत्र गिरधारी निवासी मधु विहार कॉलोनी जमालपुर कलां कनखल ने बताया कि 20 अगस्त को ऋषिकुल मैदान में चल रहा मेला देखने पहुंचा था। आरोप है कि वापस लौटने पर देखा किउसकी मोटरसाइकिल गायब थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com